BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 25 मार्च, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना सिकन्द्राबाद**

हत्या की घटना में वांछित बदमाश के साथ थाना सिकन्द्राबाद पुलिस व स्वाट टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 15,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 24/25.03.2025 की रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस व स्वाट टीम एक अभिसूचना के आधार पर कावरा रोड नार्मल स्कूल के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रुकने का इशारा किया गया तो नही रुके बल्की बाइक को तेजी से मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। जिसपर बदमाशों की बाइक स्कूल से कुछ दूरी पर अनियन्त्रित होकर फिसल गयी। बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार किया गया व दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहा। जिसकी कांबिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान साजिद उर्फ साहिल पुत्र रियाजुद्दीन निवासी मकान नंबर 281 गली नंबर 3 खजूरी खास थाना खजूरी खास दिल्ली हाल पता गोकुलपुरी नई दिल्ली के रुप में हुई हैं। जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है। अभियुक्त साजिद उर्फ साहिल द्वारा थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत ईदरीश कॉलोनी के पास एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके सम्बंध में थाना सिकन्द्राबाद पर पंजीकृत मुअसं-666/2024 धारा 103(1)/61(2) बीएनएस में वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा 15,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. साजिद उर्फ साहिल पुत्र रियाजुद्दीन निवासी मकान नंबर 281 गली नंबर 3 खजूरी खास थाना खजूरी खास दिल्ली हाल पता गोकुलपुरी नई दिल्ली।

बरामदगी-

1- 01 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (DL 5SCS 6925)
2- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा, 01 खोखा कारतूस।

अभियुक्त साजिद उर्फ साहिल का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं-1644/14 धारा 379/411 भादवि थाना नोएडा सेक्टर- 20 जनपद गौतमबुद्धनगर।
2- मुअसं-1602/14 धारा 379/411 भादवि थाना नोएडा सेक्टर- 20 जनपद गौतमबुद्धनगर।
3- मुअसं-1680/14 धारा 414 भादवि थाना नोएडा सेक्टर- 20 जनपद गौतमबुद्धनगर।
4- मुअसं-1679/14 धारा 4/25 आयुध अधि0 थाना नोएडा सेक्टर- 20 जनपद गौतमबुद्धनगर।
5- मुअसं-1113/14 धारा 307 भादवि थाना नोएडा सेक्टर- 39 जनपद गौतमबुद्धनगर।
6- मुअसं-666/2024 धारा 103(1)/61(2) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद।
2- उ0नि0 दल सिंह, उ0नि0 कपिल कुमार, उ0नि0 शिवम।
3- का0 रोहित, का0 नीतेश, का0 शिवम।

स्वाट टीम-

1- उ0नि0 श्री राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम।

2- है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदाप कुमार, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, का0 सचिन चौहान, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 अमित कुमार।

मीडिया सेल बुलंदशहर